प्रेस विज्ञप्ति

उच्चीकृत करतूरवा गॉधी बालिका विद्यालयो के रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन/पदस्थापन के सम्बन्ध में विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन शासनादेश सं० –1/570148/2024 File no-68-5099/23/2024-5 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 28.05.2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक के०जी०बी०वी०/1837/2024–25 दिनांक 30–5–2024 एवं उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन का शासनादेश दिनांक 21.10.2024 के कम में जनपद पीलीभीत में संचालित नवीन उच्चीकृत 04 कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों बीसलपुर गामीण एंव बीसलपुर नगर (छात्रावास) तथा मरौरी एंव ललौरीखेडा (एकेडमिक व छात्रावास) में निम्नलिखित पदों पर नियत एवं संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्मिको के नवीन चयन हेतु केवल महिला अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र दिनांक 12.10.2026 तक आमंत्रित किये जाते है–

क्र० सं०	पद	पदों की सं०	आरक्षण की श्रेणी				शैक्षिक अर्हता	वरीयमान अर्हता	नियत मानदेय प्रतिमाह (नियमानुसार ई०पी०एफ० की कटौती की जायेगी।)
			अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति			
01	प्रधानाचार्या	02	01	01	0	0	(1) प्रशिक्षित एम०ए० (हिन्दी/अंग्रेजी) अथवा एम०एस०सी० (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान /जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/ कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त है, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्याता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या (3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नाकोंत्तर डिप्लोमा धारी प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यकम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यकम उत्तीर्ण करने के पश्चात कमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो।	प्रशिक्षित	30000.00
02	पी०जी०टी० हिन्दी	02	01	01	0	0	हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज ,वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी	प्रशिक्षित	22000.00
03	पी०जी०टी० अंग्रेजी	02	01	01	0	0	नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट	प्रशिक्षित	22000.00

							ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय से ऐजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।		
04	पी0जी0टी0 गणित	02	01	01	0	0	1–एम0ए0 अथवा एम0एस0सी0 गणित अथवा 2–गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यकम सहित बी0ए0 (आनर्स) अथवा बी0एस0सी0 (आनर्स)	प्रशिक्षित	22000.00
05	पी0जी0टी0 जीव विज्ञान	02	01	01	0	0	1–वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम0एस0सी0 अथवा 2–कृषि विषय वनस्पति विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान अथवा 3–कृषि विषय जन्तु विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में वनस्पति विज्ञान अथवा 4–यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम0एस0सी0 (लाइफ साइंस) अथवा 5–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तरप्रदेष द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0	प्रशिक्षित	22000.00
06	पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान	02	01	01	0	0	1–रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0 अथवा 2–रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यकम के साथ बी0एस0सी0 (आनर्स) अथवा 3–यू0जी0सी0 द्वारा मान्याता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकमिस्ट्री) अथवा 4–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तरप्रदेष द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0	प्रशिक्षित	22000.00
07	पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान	02	01	01	0	0	1–एम0एस0सी0 (भौतिक विज्ञान) अथवा 2–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0	प्रशिक्षित	22000.00
08	कम्प्यूटर विज्ञान	02	01	01	0	0	1– एम0टेक0 (कम्प्यूटर विज्ञान) 2–बी0ई/बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी गान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय सें अथवा 3– एम0सी0ए0 अथवा एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी0" लेवल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एकीडियेशन ऑफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा 4–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी0जी0 डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी गान्यता प्राप्त विशवविद्यालय से अथवा 5–स्नाकोत्तर डिग्री के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स	प्रशिक्षित	22000.00

							किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए-लेवल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एकीडियेशन ऑफ कम्प्यूटर कोर्स)		
09	लैब असिस्टेंट	06	03	02	01	0	हाई स्कूल विज्ञान वर्ग के साथ लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट-विज्ञान वर्ग के साथ	–	7147.00
10	कार्यालय अधीक्षक /लिपिक	02	01	01	0	0	1- माध्यमिक शिक्षा परिषद् उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो। 2-माध्यमिक शिक्षा परिषद् उ0प्र0 के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/ परिषद् द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री 3-कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट	–	12430.00
11	केयर टेकर	04	02	01	01	0	परास्नातक एंव बी0एड0	–	24200.00
12	चपरासी	04	02	01	01	0	कक्षा -8 उत्तीर्ण	–	7147.00
13	चौकीदार	04	02	01	01	0	कक्षा -8 उत्तीर्ण	–	7147.00
14	रसोईया	12	06	03	03	0	कक्षा -8 उत्तीर्ण	–	6433.00

उक्त पदों पर चयन हेतु अर्हता, विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद पीलीभीत के वेबसाईट pilibhit.nic.in उपलब्ध है।

नोटः-

- समस्त पद महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित होगा।
- प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होंगी उस विषय पर पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नही की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा तथा उस विषय की रिक्त संबंधित श्रेणी मे एक कम मानी जायेगी।
- शैक्षिक सत्र में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक एंव शिक्षणेत्तर कार्मिकों का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा।
- केयर टेकर, चपरासी, चौकीदार एवं रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा। अभ्यर्थियों का विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा तथा शारीरिक अक्षमता एवं संकामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए।

आयु-

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल, 2026 को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी 'और कक्षा 9 सें 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
- शेष पदों पर चयन वर्ष की 01 अप्रैल, 2026 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

चरित्र- किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चरित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होंगे।

- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–

क्र.सं.	परीक्षा/उपाधि का नाम	गुणवत्ता अंक
1	हाईस्कूल	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100
2	इण्टरमीडिएट	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100
3	स्नातक उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100
4	परास्नातक उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100
5	प्रशिक्षण	सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100

नोट–

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा ।

सत्यापन–

शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टॉफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिको के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/ संरक्षित कराया जायेंगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

निर्देश एवं शर्तें

1. विज्ञप्ति में दिये गये पदों में वांछित योग्यता अनिवार्य होगी।
2. किसी भी प्रकार के परिवर्तन, सुधार एवं विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा, जिस हेतु किसी भी प्रकार का वाद मान्य नही होगा।
3. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम व विषय लिखा होगा तथा लिफाफे के अंदर पिन कोड सहित अपना पता लिखा दो लिफाफा जिस पर रू0 45.00 का डाक टिकट लगा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
4. अपूर्ण, अपठनीय व त्रृटिपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिये जायेगे व उस पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जायेगा। आवेदन निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगे। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
5. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पंजीकृत ड़ाक के माध्यम से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत, पिनकोड–262001 के पते पर दिनांक 12.10.2026 से सायं 05:00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगे। निर्धारित तिथि के उपरान्त व किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किये जायेगे।
7. एक से अधिक पदो एंव विषयो पर आवेदन हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। एक लिफाफे मे केवल एक ही आवेदन स्वीकार किये जायेगे। प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।
8. उपरोक्त वांछित प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न न होने की स्थिति मे अभ्यर्थी के आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। जिसके लिये आवेदनकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।
9. उपरोक्त पदो पर चयन/नवीनीकरण/मानदेय का भुगतान राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ द्वारा समय समय पर जारी निर्देशो के क्रम मे किया जायेगा।
10. निर्धारित तिथि एंव समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे। डाक द्वारा आवेदन पत्र विलम्ब से प्राप्त होने पर कार्यालय किसी भी दशा मे उत्तरदायी नही होगा।
11. विज्ञाप्ति रिक्तियों की संख्या को घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
12. अभ्यर्थी यदि किसी सेवा मे कार्यरत है तो उसको विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

23/09/26

मनीष कुमार श्रीवास्तव
जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)
समग्र शिक्षा अभियान, पीलीभीत

(रोशनी सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
पीलीभीत।